# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

## राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002
वेबसाइटः www.bsgindia.org इमेल आईडीः info@bsgindia.org दूरभाषः+91-11-23370126, 23378667

**परिपत्र संख्या : 17/2022**
***दिनॉक : 20 जनवरी, 2022***

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
**भारतीय संघ**

**विषयः– बांग्लादेश में सांसो लीडर ट्रेनर्स कोर्स (CLT)**

महोदय/महोदया,

**भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की ओर से शुभकामनाएं!**

हमें आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि बांग्लादेश स्काउट्स साउथ एशियन एसोसिएशन ऑफ नेशनल स्काउट ऑर्गनाइजेशन (SAANSO) के सहयोग से राष्ट्रीय स्काउट प्रशिक्षण केन्द्र, मौचक, गाजीपुर, बांग्लादेश में सांसो लीडर ट्रेनर्स कोर्स आयोजित करने जा रहा है।

**विवरण इस प्रकार हैः–**

| | | |
|---|---|---|
| **कार्यक्रम का नाम** | : | **सांसो लीडर ट्रेनर्स कोर्स (CLT)** |
| **दिनॉंक** | : | **23–29 मार्च, 2022** |
| **स्थान** | : | **राष्ट्रीय स्काउट प्रशिक्षण केन्द्र (एनएसटीसी) मौचक, गाजीपुर, बांग्लादेश** |
| **पात्रता** | : | **लीडर ट्रेनर शिविर में प्रवेश हेतु पात्रताः**<br>1. स्काउटिंग एवं प्रशिक्षण के सिद्धान्तों, उद्देश्यों और विधियों की पूरी समझ एवं स्वीकृति होनी चाहिए।<br>2. सहायक लीडर ट्रेनर के रूप में कम से कम दो वर्ष की सेवाएं दी हों।<br>3. एएलटी के बाद उपयुक्त अनुभाग में दो बेसिक कोर्स या दो एडवांस कोर्स या एक बेसिक और एक एडवांस कोर्स आयोजित किया होना चाहिए।<br>4. एक पूर्ण कालिक स्टाफ के रूप में उपयुक्त अनुभाग के एक हिमालय वुड बैज शिविर में सहायता प्रदान की होनी चाहिए या उसके पास कम से कम दो गोल्डन **ऐरो कब/राष्ट्रपति स्काउट्स/रोवर्स** होने चाहिए। इस विषय का एक प्रमाण पत्र जिला संगठन आयुक्त/जिला प्रशिक्षण आयुक्त से जमा करें।<br>5. राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा प्रदान किए गए प्री–कोर्स असाइनमेंट को पूरा करना चाहिए।<br>6. वैध ऑनरेबुल धारक हो। |
| **आवास** | : | आवास भवन में ट्विन रूम/01 कमरे में 4 व्यक्तियों का होगा। |
| **कार्य भाषा** | : | शिविर की कार्य भाषा केवल अंग्रेजी होगी। |
| **पंजीकरण शुल्क** | : | **यूएसडॉलर 150.00** प्रत्येक प्रतिभागी के लिए।<br>पंजीकरण शुल्क में अन्तर्देशीय परिवहन, भोजन शैक्षिक यात्रा, आवास, सीएलटी किट और स्मारिका सम्मिलित हैं। |
| **कौशन मनी**<br>SCAN & PAY | : | **रूपये 10,000/–** गैर–वापसी योग्य यदि चयनित होने के पश्चात किसी भी कारण/कारणों से भाग नहीं लिया तो, एवं प्रतिभाग करने के पश्चात समायोज्य। **कौशन मनी अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित लिंक** **https://bit.ly/3qW5L3h** के माध्यम से जमा करनी होगी।चयनित उम्मीदवारों को रूपये 1000/– प्रशासनिक शुल्क, रूपये 2500/– स्काउट/गाइड कल्याण निधि एवं रूपये 1500/– पत्रिका हेतु का भुगतान करना होगा जिसे कौशन मनी से समायोजित किया जाएगा और शेष राशि राष्ट्रीय मुख्यालय को कार्यक्रम प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के बाद वापिस की जाएगी। |
| **मौसम** | : | मार्च के महीने में बांग्लादेश में मौसम अनुकूल रहेगा, फिर भी यहाँ थोड़ा ठंड रहेगा। मार्च में औसत तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। |
| **मुद्रा** | : | बांग्लादेश की आधिकारिक मुद्रा टका है। क्रेडिट कार्ड भी पूरे देश में व्यापक रूप से |

| | | |
|---|---|---|
| | | स्वीकार किए जाते हैं। मुद्रा बदलने की अनुशंसा की जाती है और ढाका में क्रेडिट कार्ड का उपयोग कर सकते हैं। |
| **क्या लाएं** | : | पूर्ण स्काउट/गाइड वर्दी, व्यक्तिगत कपड़े, दवाएं, गर्म कपड़े, चप्पल, व्यक्तिगत प्रसाधन सामग्री, राष्ट्रीय और पारंपरिक पोशाक, केड्स जूते, राष्ट्रगान गीत, राष्ट्रीय ध्वज (02 नग़) एवं राष्ट्रीय स्काउट गाइड ध्वज। |
| **ढाका में रिशेप्सन** | : | बांग्लादेश स्काउट्स प्रतिभागियों को निम्नलिखित स्थानों पर स्वागत करेंगे।<br>1. हज़रत शाहजलाल अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (HSIA), ढाका<br>2. नबीनगर/चंद्र बस स्टैंड, सावर, ढाका<br>3. ढाका कैंट, रेलवे स्टेशन, ढाका |
| **आवेदन की अंतिम तिथि** | : | इच्छुक उम्मीदवार का आवेदन **रूपये 10,000/– कौशन मनी और वैध पासपोर्ट की फोटोकॉपी** के साथ 15/02/2022 या उससे पहले भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली में पहुँच जाना चाहिए। आवेदन पत्र एवं कौशन मनी प्राप्त होते ही चयन पत्र में संक्षिप्त विवरण उपलब्ध करा दिया जाएगा। |
| **वीजा** | : | बांग्लादेश के लिए वीजा देना बांग्लादेश दूतावास के विवेक पर निर्भर करता है। यदि किसी कारण/कारणों से वीजा अस्वीकार कर दिया जाता है तो भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। अतः कोई दावा स्वीकार्य नहीं है। |

हम सभी राज्य संघों से अनुरोध करते हैं कि वे योग्य उम्मीदवारों के आवेदन को निर्धारित प्रोफार्मा (संलग्न) में उत्तर पर्ची और दस्तावेजों की सूची के साथ **15/02/2022** तक अनुशंसित करें।

**नोटः यदि सांसो लीडर ट्रेनर कोर्स हेतु उम्मीदवार के नामांकन की अनुशंसा की जाती है तो उन्हें भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्कीम ऑफ ट्रेनिग (स्काउट विंग) का सन्दर्भ लेकर राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) एवं उपनिदेशक (स्काउट) लीडर ट्रेनिंग के परामर्श से एल.टी. कोर्स प्रमाण पत्र एवं ऑनेबुल चार्ज निर्गत होने हेतु प्री कोर्स असाइनमेंट एवं परियोजनाओं पूर्ण सहित सभी आवश्यक पूर्ण करने की सलाह दी जाती है।**

सधन्यवाद,

भवदीय,

**(अमर बी. क्षेत्री)**
**संयुक्त निदेशक स्काउट**
**(कार्यक्रम एवं प्रशिक्षण)**DS

**प्रतिलिपि** :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016।**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309।**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब जिला संघ।
6. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, क्षेत्रीय मुख्यालयों को अनुसरण एवं व्यापक प्रचार हेतु।